राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्व॰ फणीश्वर नाथ 'रेणु' की जन्मशती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपना नमन निवेदित किया

पटना, 04 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सुप्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार स्व॰ फणीश्वर नाथ 'रेणु' की जन्मशती के अवसर पर आज राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें अपना श्रद्धान्वित नमन निवेदित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हिन्दी के लब्धप्रतिष्ठ कथाकार स्व॰ फणीश्वर नाथ 'रेणु' ने 'मैला आँचल', 'परती परिकथा' जैसी उत्कृष्ट औपन्यासिक कृतियों की सर्जना की तथा अपनी विभिन्न मार्मिक कहानियों, संस्मरणों, रिपोर्ताजों एवं अन्य गद्य–पद्य रचनाओं के माध्यम से जीवन और जगत के विभिन्न पहलुओं और आयामों को प्रस्तुत किया। आंचलिक शब्दों और भाव–धाराओं से परिपूर्ण उनकी भाषा–शैली अद्भुत एवं अत्यन्त आकर्षक है। स्व॰ फणीश्वर नाथ 'रेणु' ने भारतीय स्वतंत्रता–संग्राम में भाग लिया तथा लोकनायक जयप्रकाश जी के नेतृत्व में हुए 'संपूर्ण क्रांति' के आन्दोलन में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि हिन्दी कथा–साहित्य में बिहार का नाम गौरवान्वित करनेवालों में स्व॰ रेणु जी का अत्यन्त प्रमुख स्थान रहा है, जिनके महान रचनात्मक व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सभी बिहारवासियों व देशवासियों, विशेषतः युवा पीढ़ी को भरपूर प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए।

राजभवन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल॰ चोंग्थू सहित राजभवन के वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी स्व॰ फणीश्वर नाथ 'रेणु' को उनकी 'जन्मशती' के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि अर्पित कर अपना नमन निवेदित किया।

....